संख्या- 37 /2022 / 189 /चार-2022

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 18 फरवरी, 2022

विषय:- भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ के निर्माण के अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उ0 प्र0 जल निगम लखनऊ के पत्र संख्या- 108/डा0 भीमराव आम्बेडकर/04 दिनांक 07.02.2022 के संदर्भ में अवगत कराना है कि भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या- 149/2021/1464/चार-2021 दिनांक 23 सितम्बर, 2021 द्वारा रू0 4368.77 लाख की प्रशासनिक एवं रू0 1092.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण कार्य हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में रू0 1092.00 लाख (रू0 दस करोड़ बानवे लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं।

3. शासनादेश संख्या- 149/2021/1464/चार-2021 दिनांक 23 सितम्बर, 2021 तथा शासनादेश संख्या- 151/2021/1464/चार-2021 दिनांक 24 सितम्बर, 2021 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।

4. उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय -04- कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-09-भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र -24- वृहद निर्माण कार्य मद से वहन किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5. उक्त स्वीकृति प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

संख्या - 37 /2022 / 189(1) /चार-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- महाप्रबंधक (नि0-13) नोडल अधिकारी, सी0 एंड डी0 एस0 (उ0 प्र0 जल निगम) लखनऊ।
5- निदेशक, सी0 एंड डी0 एस0 (उ0प्र0 जल निगम) लखनऊ।
ग- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ नियोजन अनुभाग-4, उ0 प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।